भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न संख्या 1651
10 फरवरी, 2026 को उत्तर के लिए

**नए मत्स्यपालन संकुल**

**1651. श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:**
**श्री सुधीर गुप्ताः**
**श्री चव्हाण रविन्द्र वसंतराव :**

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के अंतर्गत नए मत्स्यपालन संकुल आरंभ किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार और स्थान - वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इन मत्स्यपालन संकुलों के निर्माण पर होने वाले कुल संभावित व्यय का ब्यौरा क्या है और यह कार्य कब तक आरंभ हो जाएगा;

(ग) आरंभ किए गए इन नए मत्स्यपालन संकुलों की प्रमुख विशेषताएं क्या हैं; और

(घ) सरकार द्वारा देश में मत्स्यपालन के विकास को बढ़ावा देने के लिए आरंभ की गई/ घोषित अन्य प्रमुख मत्स्यपालन संबंधी पहलों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री**

**(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)**

(क) से (घ): मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय देश में मात्स्यिकी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए 20,750 करोड़ रुपए के अनुमानित निवेश के साथ वित्तीय वर्ष 2020-21 से प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (PMMSY) को कार्यान्वित कर रहा है। PMMSY अन्य बातों के साथ-साथ मात्स्यिकी क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने, अर्थव्यवस्थाओं को बड़े पैमाने पर बढ़ाने, उच्च आय सृजित करने और संगठित तरीके से मात्स्यिकी और जलकृषि के विकास में तीव्रता लाने के लिए क्लस्टर-आधारित दृष्टिकोण को अपनाने की सुविधा प्रदान करता है। क्लस्टर दृष्टिकोण का उद्देश्य मात्स्यिकी मूल्य श्रृंखला में मौजूद महत्वपूर्ण कमियों (गैप्स) को दूर करना, क्षेत्र की क्षमता को अधिकतम करना, निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देना, बजटीय संसाधनों का प्रभावी उपयोग करना और चिन्हित क्लस्टरों में मौजूद महत्वपूर्ण कमियों को दूर करने के लिए वित्तीय संसाधनों को लक्षित रूप से नियोजित करना है । मात्स्यिकी क्षेत्र की विकास गति को बनाए रखने और आगे बढ़ाने के उद्देश्य से, मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय द्वारा PMMSY के तहत 34 फिशरीज क्लस्टरों को अधिसूचित किया गया है। अधिसूचित फिशरीज क्लस्टरों का राज्यवार और स्थानवार विवरण अनुबंध- । में प्रस्तुत है।

मत्स्यपालन विभाग भारत सरकार द्वारा कार्यान्वित अन्य प्रमुख मात्स्यिकी पहलों/योजनाओं का विवरण इस प्रकार है::

(i) ब्लू रेवोल्यूशन पर केंद्र प्रायोजित योजना : मात्स्यिकी के एकीकृत विकास एवं प्रबंधन हेतु इस केंद्र प्रायोजित योजना को वित्त वर्ष 2015-16 से 2019-20 तक 5 वर्षों की अवधि के लिए 3000 करोड़ रुपए के केंद्रीय परिव्यय के साथ कार्यान्वित किया गया। इस योजना के माध्यम से मात्स्यिकी क्षेत्र में लगभग 5000 करोड़ रुपए का निवेश जुटाया गया।

(ii) मात्स्यिकी क्षेत्र के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता को पूरा करने के लिए, फिशरीज़ एंड एक्वाकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड (FIDF) को वर्ष 2018-19 में 7522.48 करोड़ रुपए के कुल फंड के साथ शुरू किया गया था। FIDF चिन्हित मात्स्यिकी इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेशों सहित एलिजिबल एंटिटीज़ (EEs) को रियायती वित्त प्रदान करता है। मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार, नोडल ऋण प्रदाता संस्थाओं [नोडल लोनिङ्ग एंटिटीस (NLEs)] द्वारा न्यूनतम 5% प्रति वर्ष की ब्याज दर पर रियायती वित्त उपलब्ध कराने हेतु, 2 वर्ष की मोरेटोरियम अवधि सहित 12 वर्षों की पुनर्भुगतान अवधि के लिए अधिकतम 3% प्रति वर्ष की ब्याज सहायता (इंटरेस्ट सबवेनशन) प्रदान करता है।

(iii) मात्स्यिकी क्षेत्र को सुदृढ़ (रेसीलिएंट) बनाने और फिशरीस वैल्यू चेन में कुशलता को प्रोत्साहन देने हेतु, मत्स्यपालन विभाग भारत सरकार प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) के तहत 6000 करोड़ रुपए के निवेश के साथ एक केंद्रीय क्षेत्र की उप-योजना "प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना (PMMKSSY)" को कार्यान्वित कर रहा है। PMMKSSY का लक्ष्य मात्स्यिकी क्षेत्र को संगठित करना, जलकृषि बीमा को प्रोत्साहित करना, मात्स्यिकी सूक्ष्म और लघु उद्यमों के वैल्यू चेन की दक्षता बढ़ाना, सुरक्षित मत्स्य उत्पादन के लिए सुरक्षा और गुणवत्ता प्रणाली को अपनाना आदि है।

(iv) इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने वित्तीय वर्ष 2018-19 से किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) सुविधा का विस्तार मछुआरों और मत्स्य किसानों तक किया है ताकि उनकी कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने में उन्हे सहायता प्रदान की जा सके।

**नए मात्स्यिकी क्लस्टर के संबंध में 10 फरवरी, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए माननीय संसद सदस्य, लोकसभा श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे, श्री सुधीर गुप्ता, श्री चव्हाण रविन्द्र वंसतराव द्वारा पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1651 के उत्तर में उल्लिखित विवरण:**

**प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत अधिसूचित फिशरीस क्लस्टरों का राज्य-वार और स्थान-वार विवरण**

| क्रम. संख्या | राज्य/केंद्र शासित प्रदेश का नाम | क्लस्टर का नाम | मुख्य जिला | भागीदार जिला |
|---|---|---|---|---|
| (i) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| 1. | जम्मू और कश्मीर | शीतजल मात्स्यिकी | अनंत नाग | कुलगाम और शोपियां |
| 2. | हरियाणा | खारे पानी की जलकृषि | सिरसा | रोहतक, हिसार और फतेहाबाद |
| 3. | मध्य प्रदेश | जलाशय मात्स्यिकी | भोपाल (हलाली बांध) | खंडवा (इंदिरा सागर बांध) |
| 4. | छत्तीसगढ | तिलापिया क्लस्टर | रायपुर | धंतरी और कांकेर |
| 5. | बिहार | वेटलैंड फिशरीज | सिवान | गोपालगंज और छपरा |
| 6. | उत्तर प्रदेश | पंगेसियस क्लस्टर | सिद्धार्थ नगर | महाराजगंज और कबीर नगर, बस्ती |
| 7. | ओडिशा | स्कैम्पी क्लस्टर | बालासोर | मयूरभंज और भद्रख |
| 8. | आंध्र प्रदेश | खारे पानी की जलकृषि | पश्चिम गोदावरी (भीमावरम) | कृष्ण, एल्लुरू और नेल्लोर |
| 9. | कर्नाटक | सी केज क्लस्टर | उत्तर कन्नडा | बडकल और कुम्टा |
| 10. | सिक्किम | ऑर्गेनिक फिशरीज़ क्लस्टर | सोरेंग | - |
| 11. | झारखंड | पर्ल क्लस्टर | हजारीबाग | - |
| 12. | तमिलनाडु | ओर्नामेंटल फिशरीज़ क्लस्टर | मदुरै | - |
| 13. | लक्षद्वीप द्वीप समूह | सीवीड क्लस्टर | - | - |
| 14. | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | टूना क्लस्टर | - - | - - |
| 15. | तेलंगाना | मुर्रेल क्लस्टर | मंचेरियल | पेद्दापल्ली |
| 16. | केरल | पर्ल स्पॉट क्लस्टर | कोल्लम | कोट्टायम |
| 17. | गुजरात | फिशिंग हार्बर | वेरावल गिर सोमनाथ | मंगरोल फिशिंग हार्बर |
| 18. | पंजाब | खारे जल की जलकृषि | मुक्तसर सहब | फाजिल्का |

| क्रम. संख्या | राज्य/केंद्र शासित प्रदेश का नाम | क्लस्टर का नाम | मुख्य जिला | भागीदार जिला |
|---|---|---|---|---|
| (i) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| 19. | उत्तराखंड | शीतजल मात्स्यिकी | पिथोरागढ़ | चमोली बागेश्वर |
| 20. | पश्चिम बंगाल | ड्राई फिश क्लस्टर | पूर्ब मेदनीपुर | सागर द्वीप |
| 21. | पुदुचेरी | फिशिंग हार्बर | कराईकल फिशिंग हार्बर | थेंगैथिटू फिशिंग हार्बर |
| 22. | नगालैंड | इन्ट्रीग्रेटेड फिश फार्मिंग | मोकोकचुंग | चुमौकेदिमा |
| 23. | मणिपुर | पेंगबा फिश क्लस्टर | बिश्नुपुर | लोकतक झील |
| 24. | असम | रिवरराइन फिशरीस | गोलपाड़ा | कामरूप और दारंग |
| 25. | मिजोरम | धान सह मत्स्य क्लस्टर | कोलासिब | सेरछिप |
| 26. | अरूणाचल प्रदेश | एक्वा-टूरिज्म क्लस्टर | जाइरो | तवांग, पश्चिम कामेंग और शि-योमी |
| 27. | लद्दाख | शीतजल मात्स्यिकी | कारगिल | लेह |
| 28. | गोवा | एस्टुअरी केज कल्चर | उत्तरी गोवा | दक्षिण गोवा |
| 29. | हिमाचल प्रदेश | शीतजल मात्स्यिकी | कुल्लू ज़िला | मंडी |
| 30. | त्रिपुरा | पाबड़ा फिशरीस क्लस्टर | उनाकोटी | उत्तर त्रिपुरा |
| 31. | राजस्थान | खारे पानी की जलकृषि | चुरू | हनुमानगढ़ |
| 32. | महाराष्ट्र | मत्स्य सहकारी समितियां | रायगढ़ | रत्नागिरि |
| 33. | दादरा और नगर हवेली और दमन दीव | फिशिंग हार्बर | दीव (वनकबरा) | - - |
| 34. | मेघालय | ऑर्गेनिक फिश फार्मिंग | पश्चिम खासी हिल्स | पूर्व खासी हिल्स |

*****